ऑल यूनियन्स एंड एसोसिएशन्स ऑफ बीएसएनएल (AUAB)

No: UA/2019/71 11.02.2019

परिपत्र (Circular)

प्रति,
सभी सर्किल व डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरीज,
AUAB

कॉमरेड,

AUAB द्वारा किए गए आव्हान के अनुसार 18.02.2019 से होने वाली 3 दिवसीय हड़ताल की तैयारियां देश भर में जोर शोर से चल रही है। सभी कर्मचारियों को हड़ताल में शामिल करने के लिए स्थानीय स्तर पर मीटिंग्स आयोजित करने के साथ साथ प्रत्येक सीट पर जा कर सभी से व्यक्तिगत संपर्क करना बेहद जरूरी है।

AUAB द्वारा 11.02.2019 से नुक्कड़ सभाएं आयोजित करने के लिए कॉल दिया गया है। नुक्कड़ सभा के कार्यक्रम को प्रभावशाली रूप से आयोजित करना है। इसके अलावा, राष्ट्रीय स्तर पर AUAB की समीक्षा मीटिंग में यह महसूस किया गया कि हमारी मांगों के लिए जन समर्थन प्राप्त करना हड़ताल की सफलता के लिए जरूरी है और इस हेतु जनता के बीच जा कर कुछ और अधिक प्रभावी कार्यक्रम करना आवश्यक है।

उपर्युक्त परिप्रेक्ष्य में सर्वानुमति से इस निष्कर्ष पर पहुंचा गया कि 15.02.2019 को सम्पूर्ण देश में " परिवार के साथ रैलीज" आयोजित की जाएं। दरअसल, इस देश की जनता बीएसएनएल की सही माने में मालिक है और बीएसएनएल का एक जीवंत पब्लिक सेक्टर के रूप में अस्तित्व बने रहना जनता के हित में है। इसलिए AUAB ने जन समर्थन हासिल करने के उद्देश्य से कर्मचारियों को इस कार्यक्रम को सफलता पूर्वक आयोजित करने का आव्हान किया है।

AUAB के सभी घटकों के सर्किल और डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरीज से अनुरोध है कि वें इस कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएं। चूंकि, उपलब्ध समय बेहद कम है, सभी कॉमरेड्स से आग्रह है कि प्रोग्राम की सफलता पूर्वक शुरुआत के लिए त्वरित कदम उठाएं।

धन्यवाद।
भवदीय,

(P. ABHIMANYU)
GS, BSNLEU

GS NFTE
Chairman
AUAB

K. Sebastin
GS/SNEA

(PRAHLAD RAI)
GS, AIBSNLEA

(V. Subbaraman)
GS TEPU

(SURESH KUMAR)
GS BSNLMS.

RAVI SHIL VERMA
GS/AIGETOA

(Rewati Prasad)
AGS BSNL ATM

(NILABEEK DAS)
GS. BSNLOA